भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2252 का उत्तर

रेलवे में रिक्तियां

2252. कुंवर दानिश अलीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या रेलवे द्वारा ईएसई 2020 के अंतर्गत उन रिक्तियों को रद्द कर दिया गया है जिनके लिए 5 जनवरी, 2020 को चरण-एक (प्रारंभिक) परीक्षा का आयोजन किया गया था;**

(ख) **यदि हां, तो इन्हें रद्द किए जाने के क्या कारण हैं; और**

(ग) **यदि नहीं, तो क्या इसके लिए आवेदकों की भर्ती के लिए चरण-दो (मुख्य) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): भारतीय रेल प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) को अगले भर्ती चक्र से शुरू करने के सरकार के निर्णय के अनुरूप, भारतीय रेल सुरक्षा बल सेवा (आईआरपीएफएस) को छोड़कर इंजीनियरी सेवा परीक्षा 2020 और सिविल सेवा परीक्षा 2020 के तहत आने वाली सेवाओं के लिए मांगपत्र वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

****